## सार-समाचार

### राज्य स्तर पर सम्मानित होंगे भवानीमंडी के राजेश गुप्ता



**भवानीमंडी, ( निसं )।** भवानीमंडी के बीएलओ सुपरवाइजर एवं भू अभिलेख निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता को 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार को जयपुर में आयोजित सम्मान समारोह में राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। राजस्थान निर्वाचन आयोग के द्वारा विशेष गहन पुननिरीक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य संपादन के लिए राजेश कुमार गुप्ता का राज्य स्तर पर सम्मान के लिए चयन किया गया है। रविवार 25 जनवरी को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस सम्मान समारोह में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्य सचिव राजस्थान सरकार वी. श्रीनिवास, एवं मुख्य चुनाव अधिकारी राजस्थान नवीन महाजन के द्वारा प्रदेश के चयनित अधिकारियों का सम्मान किया जाएगा।

### मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी का हुआ शुभारम्भ

**कोटा,** (निसं)। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को सूचना केंद्र सभागार में मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह यादव ने प्रदर्शनी का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। निर्वाचन विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शनी में लोकतंत्र के उत्सव की विविध झलक 20 फोटो के माध्यम से प्रदर्शित की गई हैं। दो दिवसीय प्रदर्शनी का समापन रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के बाद होगा। प्रदर्शनी में मतदान के नजारे, पुराने समय में मतदान की व्यवस्थाओं, भारत निर्वाचन आयोग के नवाचार, डिजिटल इनोवेशन एवं जागरूकता संबंधी विभिन्न जानकारियां प्रदर्शित की गई है। मतदाता जागरूकता का संदेश देने के लिए आकर्षक रंगोली भी सजाई गई। इस अवसर पर उप निदेशक जनसम्पर्क एम.एम.शेख, सहायक निदेशक जनसम्पर्क रचना शर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड प्रथम देवेन्द्र सिंह चौहान, निर्वाचन कार्यालय के आशीष ओझा, नमो गोचर सहित निर्वाचन से जुड़े विभिन्न कार्मिक एवं अन्य उपस्थित रहे।

### महाराव उम्मेदसिंह स्टेडियम में आयोजित होगा जिला स्तरीय समारोह

**कोटा,** (निसं)। गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल शनिवार को महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) अनिल कुमार सिंघल ने पूर्वाभ्यास का अवलोकन किया। इस अवसर पर गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में होने वाले कार्यक्रमों का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। गणतंत्र दिवस पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन दरबार पेट्रोल पम्प के पास स्थित सियाम ऑडिटोरियम में शाम 6 बजे से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक एवं देश भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दी जाएंगी। गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह 26 जनवरी को महाराव उम्मेद स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्रातः 9:05 बजे शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पण के बाद 9:15 बजे समारोह स्थल पर मुख्य अतिथि का आगमन होगा, ध्वजारोहण, परेड निरीक्षण, मार्चपास्ट, महामहिम राज्यपाल का संदेश पठन आदि कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों एवं युद्ध सैनिक वीरांगनाओं का सम्मान, उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को पारितोषिक वितरण, सामूहिक व्यायाम, सामूहिक गान, सामूहिक नृत्य, झांकी प्रदर्शन, बैंड प्रदर्शन तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### मोहित गौतम के रक्तदान शिविर में रिकॉर्ड 507 यूनिट रक्त संग्रह

**कोटा,** (निसं)। श्रीनाथपुरम् कोटा स्थित रॉयल मैरिज गार्डन में समाजसेवी मोहित गौतम के जन्मदिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में लोगों का ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि कुल 507 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। शिविर में युवाओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर समाजसेवी मोहित गौतम ने कहा कि रक्तदान सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी के सशक्त उदाहरण के साथ ही मानव सेवा का सबसे बड़ा माध्यम हैं। जन्मदिन जैसे व्यक्तिगत अवसर को जनकल्याण से जोड़ना ही सार्थक उत्सव है। इस शिविर के माध्यम से समाज ने यह सिद्ध किया है कि सामूहिक सहभागिता से जीवन रक्षा का संकल्प साकार किया जा सकता हैं। रक्तदाताओं के उत्साह और समर्पण ने यह संदेश दिया कि आज भी समाज में सेवा, संवेदनशीलता और परोपकार की भावना जीवित है।

### न्यू मेडिकल कॉलेज में रामाश्रय और बीएसएल-3 लैब का शिलान्यास आज

**कोटा, ( निसं )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार प्रातः 11 बजे न्यू मेडिकल कॉलेज परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लगभग 26 करोड़ रूपए की लागत के तीन महत्वपूर्ण कार्यों का शिलान्यास एवं शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मरीजों के तीमारदारों के लिए 12 करोड़ से प्रस्तावित रामाश्रय भवन और 13 करोड़ से प्रदेश की दूसरी अत्याधुनिक बीएसएल-3 लैब का शिलान्यास किया जाएगा। साथ ही 83 लाख से स्थापित फाइब्रोस्कैन मशीन का भी शुभारंभ होगा। लोकसभा अध्यक्ष की पहल पर जेके लोन अस्पताल के बाद अब मेडिकल कॉलेज परिसर में भी रामाश्रय भवन का निर्माण किया जाएगा। चार मंजिला यह वातानुकूलित भवन लगभग 11.76 करोड़ रूपए की लागत से बनेगा, जिसमें 767 बेड की सुविधा होगी। यहां तीमारदारों के लिए निशुल्क ठहराव और भोजन के साथ डॉर्मिट्री, किचन-डाईनिंग, लिफ्ट, लॉकर तथा महिलाओं के लिए पृथक व्यवस्थाएं उपलब्ध रहेंगी।

### गौ-माता महोत्सव के बीच गौमाता की दुर्दशा, व्यवस्थाओं पर सवाल

**रामगंजमंडी,** (निसं)। शहर में जहां एक ओर गौ-माता के नाम पर महोत्सव और मंचीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत गौ-संवेदनाओं की पोल खोल रही है। गौ-संरक्षण और सम्मान के दावों के बीच शहर में घोर लापरवाही और अमानवीय तस्वीरें सामने आई है। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक संवेदनहीनता को दर्शाती है। खैराबाद मेला ग्राउंड में कलश यात्रा के दौरान भोजन पकाने के लिए आयोजकों द्वारा भट्टी का गड्ढा खोद दिया गया, जिसे कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भरा नहीं गया। रात के अंधेरे में एक गौमाता उस खुले गड्ढे में गिर गई और पूरी रात तड़पती रही। सुबह गो-सेवकों को जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचकर बड़ी मशक्कत के बाद गौमाता को बाहर निकाला गया। सौभाग्य से समय रहते जान बच गई, लेकिन यह घटना आयोजकों की घोर लापरवाही को उजागर करती है। विडंबना यह है कि इन्हीं घटनाओं के बीच शहर में शिक्षा मंत्री की मौजूदगी में गौ-माता महोत्सव मनाया जा रहा है। मंचों से गौ-संरक्षण,गौ-सम्मान और गौ-सेवा की बातें की जा रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर गौमाता की यह दुर्दशा इन दावों को खोखला साबित करती है। स्थानीय नागरिकों और गो-सेवकों में इस घटनाक्रम को लेकर भारी रोष है। उनका कहना है कि यदि गौ-माता का सम्मान वास्तव में प्राथमिकता है, तो पहले व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाए। केवल महोत्सव और भाषणों से गौ-संरक्षण संभव नहीं है।

### पंडित बद्री प्रसाद गौतम के राष्ट्रीय प्रवक्ता बनने पर कोटा में किया स्वागत

**कोटा,** (निसं)। महर्षि गौतम छात्रावास समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक पंडित बद्री प्रसाद गौतम के अखिल भारतवर्षीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त होने पर कोटा में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। महर्षि गौतम छात्रावास समिति के पदाधिकारियों व समाजसेवियों ने उनका सम्मान किया। इस अवसर पर समाजजनों ने महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी का आभार जताया कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर कोटा को प्राथमिकता दी।

# हर जरूरतमंद परिवार के अपने घर का सपना साकार करेंगे: ओम बिरला




**कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जगपुरा क्षेत्र में 832 अफोर्डेबल आवासों सहित 67 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया है।**

■ **जगपुरा में 832 अफोर्डेबल आवासों सहित 67 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास**

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कोटा के जगपुरा क्षेत्र में 832 अफोर्डेबल आवासों सहित 67 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पहल केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि हर जरूरतमंद के अपने घर के सपने को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि हमने चरणबद्ध 10 हजार मकान निर्माण का लक्ष्य रखा है, जगपुरा से इसकी शुरूआत हो रही है। हर गरीब को पक्की छत, हर गाँव तक सड़क और हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुँचाना हमारी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके साथ ही खेल मैदान, सीसी सड़क, सामुदायिक भवन सहित मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों का भी शिलान्यास हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देशभर में तीन करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास बनाकर गरीबों के जीवन में स्थायित्व और सम्मान सुनिश्चित किया गया है। अल्प आय वर्ग के परिवार अब किराए के बोझ से मुक्त होकर आसान किस्तों में अपने घर के मालिक बने है।

आसान किस्तों में घर, गरीब को आत्मसम्मान-बिरला ने कहा कि अफोर्डेबल आवास योजनाओं के तहत मामूली मासिक किस्तों में घर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोज़ाना छोटी बचत से भी "अपने घर" का सपना साकार होगा, इसके लिए जल्द योजना शुरू होगी। उन्होंने कहा कि कभी जगपुरा क्षेत्र में पक्की सड़कें, पानी और बिजली जैसी सुविधाओं का अभाव था, लेकिन आज यह क्षेत्र सीसी सड़कों, फोरलेन कनेक्टिविटी, बेहतर जलापूर्ति और आवास सुविधाओं के साथ तेजी से विकसित हो रहा है।

सेवा और संवेदना के साथ विकास-बिरला ने कहा कि सही मायने में विकास धरातल पर दिखाई देने वाले कार्यों से होता है। अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, यही सरकार का उद्देश्य है। आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल, हर क्षेत्र में सेवा और संवेदना के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों का निःशुल्क इलाज सुनिश्चित किया जा रहा है और आपात परिस्थितियों में इलाज को प्राथमिकता दी जाती है, भुगतान की चिंता बाद में की जाती है।

लाड़पुरा के विकास के लिए प्रतिबद्ध-लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने कहा कि यह योजना विशेष रूप से ईडब्ल्यूएस और एलआईजी वर्ग के उन परिवारों के लिए है, जो वर्षों से पक्के घर का सपना देख रहे थे। लगभग 38 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली इस परियोजना में आधुनिक बुनियादी सुविधाएँ, आंतरिक सड़कें और ड्रेनेज व्यवस्था होगी तथा घर पारदर्शी और निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराए जाएंगे। लाड़पुरा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हम प्रतिबद्ध होकर काम कर रहे है।

### कोटा अभिभाषक परिषद के दो पदों पर हुई पुनः मतगणना

**कोटा,** (निसं)। अभिभाषक परिषद चुनाव के पुस्तकालय सचिव सहित दो पदों पर शनिवार को पुनर मतगणना हुई। पुनः मतगणना में पुस्तकालय सचिव को पांच अतिरिक्त मत मिले, ऐसे में पुनः मत करना के बाद पुस्तकालय सचिव पद पर निर्वाचित फूल सिंह भाटी को 7 से बढ़कर 12 मतों से विजय घोषित किया गया। वही अभिभाषक परिषद के सदस्य हितेश मेहता की जगह अब वैभव शर्मा विजय हुए। चुनाव अधिकारी एडवोकेट संजीव जैन ने बताया कि एडवोकेट महाबाहु सिंह राणा ने पुस्तकालय सचिव व वकील मीनाक्षी व वैभव ने कार्यकारिणी सदस्य के वोटों की गिनती दोबारा से करवाने की मांग की थी, इस पर निर्वाचन ट्रिब्यूनल ने याचिका को स्वीकार किया और याचिका पर सुनवाई करते हुए 24 जनवरी को रिकाउंटिंग करवाने को कहा था। इस पर टीम गठित कर पुनः मत गणना की गई हैं, जिसमें पुस्तकालय सचिव के पद पर फूल सिंह भाटी जो पहले 7 मतों से विजय रहे थे, अब उनके मतों की संख्या 7 से बढ़कर 12 हो गई है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य हितेश मेहता की जगह वैभव शर्मा कार्यकारिणी सदस्य के पद पर विजय हुए हैं।

### जिला स्तरीय मेगा पीटीएम- 3 का आयोजन

**रामगंजमंडी, ( निसं )।** शहर के श्री हीरा भाई परीख राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी के अवसर पर जिला स्तरीय मेगा पीटीएम-3 का आयोजन शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार के सान्निध्य में 23 जनवरी शुक्रवार को उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्री के ओएसडी रहे। कार्यक्रम में कोटा मंडल शिक्षा विभाग की संयुक्त निदेशक श्रीमती आशा मंडावत, सीडीईओ कोटा गोपाल कृष्ण जोशी, डीईओ कोटा रामचरण मीणा ,खैराबाद ब्लॉक की ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमति कृति मेहरोत्रा का निर्देशन रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं वंदन,एवं वन्दे मातरम् से हुआ।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज, जिलेभर में होंगे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

■ **इस वर्ष की थीम "मेरा भारत, मेरा वोट" और टैगलाइन "भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक" है**

बूंदी(निसं)। रविवार को सोलहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष की थीम "मेरा भारत, मेरा वोट" और टैगलाइन "भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक" है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता हेतु चलाए जा रहे जन चेतना कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला इलेक्शन आइकॉन डॉ सर्वेश तिवारी के निर्देशन में छत्रपुरा स्थित संस्कृत विद्यालय में उमंग संस्थान द्वारा ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का शुभारंभ किया गया।

राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में संस्था प्रधान जगदीश चंद्र बागडी, भरतराज मीणा , बद्रीलाल, महेश गौतम, गजेंद्र पांचाल, सावित्री कुशवाह, रेणु श्रृंगी व राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय बुद्धि प्रकाश शर्मा, पुलोयजा गौतम के सानिध्य में संस्थान अध्यक्ष डॉ सविता लोरी, समन्वयक कृष्णकांत राठौर, कैंपस एंबेसडर नवनीत राठौर व आतिश वर्मा ने प्रश्नोत्तरी का ऑनलाइन शुभारंभ किया व प्रमाण पत्र का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए इलेक्शन आइकॉन सर्वेश तिवारी ने बताया कि प्रश्नोत्तरी सोशल ग्रुप, स्वीप, जिला इलेक्शन आइकॉन व उमंग संस्थान के फेसबुक अकाउंट सहित इंस्टाग्राम, यूट्यूब व ट्विटर पर उपलब्ध रहेगी, जहां से सीधे इसमें भाग लिया जा सकता है। किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति इसमें भाग ले सकता है। मतदाता जागरूकता प्रश्नोत्तरी के बारे में जानकारी देते हुए डॉ सविता लॉरी ने बताया कि प्रश्नावली में कुल 25 प्रश्न हैं जो चुनाव, डिजिटल ऐप व निर्वाचन प्रक्रियाओं से जुड़े ज्ञान को बढ़ाते है जिनके सही उत्तर देने वाले प्रतिभागी को आकर्षक प्रशस्ति प्रदान किया जाएगा।

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक-3066 | **जाहिर आम सूचना** | दिनांक-23.01.26

आवास संख्या 3-एन-17 तलंवडी, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री रामदयाल माथुर पुत्र श्री चन्दा लाल माथुर को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री रामप्रताप पुत्र श्री जगन्नाथ के नाम दिनांक 02.04.1996 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री रामप्रताप पुत्र श्री जगन्नाथ द्वारा दिनांक 26.02.1997 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री रामप्रताप पुत्र श्री जगन्नाथ की मृत्यु दिनांक 17.07.2010 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में इनकी पत्नी श्रीमती विमला देवी द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-एन-17 तलंवडी, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती विमला देवी पत्नी स्व. श्री रामप्रताप के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती विमला देवी पत्नी स्व. श्री रामप्रताप के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती विमला देवी पत्नी स्व. श्री रामप्रताप के नाम कर दिया जावेगा।

**उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

स्वच्छ झालावाड़। **अपील** सुन्दर झालावाड।

- 19 जनवरी से 28 जनवरी तक शहर के सभी 45 वार्डो में चलेगा नगर परिषद का क्लीन झालावाड़ ग्रीन झालावाड़, सफाई अभियान।
- घरो से निकले गीले व सूखे कचरे को नगरपरिषद के कचरा संग्रहण वाहनों में ही डालें इधर उधर ना फेंके।
- पशुओ को घरो में ही रखें खुले में न छोड़ें। चारा सडक पर ना डालें, अन्यथा जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी।
- कन्वर्ट कॉलोनी में ही प्लाट खरीदें व बिना स्वीकृति निर्माण कार्य शुरू नहीं करें।
- सरकारी / नगरपरिषद स्वामित्व की भूमि पर अतिक्रमण नही करें।
- कोई भी प्रतिष्ठान / दुकानदार, दुकान के कचरे को सडक पर नहीं फेंके। डस्टबीन का उपयोग करें।
- पॉलीथीन का उपयोग न करें, सार्वजनिक पार्को में गन्दगी न फैलाएँ।
- पौधारोपण कर शहर को हरा-भरा बनाएं। जल स्रोतो, तालाबो पर अतिक्रमण ना करें ना ही गन्दगी फैलायें।
- नॉन वेण्डिंग जोन में ठेला, थडियां, दुकान इत्यादि लगाकर सामग्री ना बेचें।
- समस्त नगरवासियो से अपील है कि शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखें।

**सोजन्य से : नगरपरिषद झालावाड़**

# साइबर सिक्योरिटी विषय पर आयोजित हुई पोस्टर प्रतियोगिता

■ **प्राचार्य डॉ सीमा चौहान ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि साइबर सिक्योरिटी के विषय में सावधानी ही बचाव है, सजग रहें, सावधान रहे**

**बूंदी** (निसं)। राजकीय कला कन्या महाविद्यालय में आज दिनांक 24 जनवरी 2026 को साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस सप्ताह की गतिविधियों के क्रम में महाविद्यालय में साइबर सिक्योरिटी विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कैडेट रीना मीणा ने प्रथम, कैडेट दीपिका पांचाल ने द्वितीय एवं कैडेट डिंपल सुमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कैडेट गुनगुन, अपेक्षा गौतम, कविता रैगर इत्यादि को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस दौरान महाविद्यालय में साइबर सिक्योरिटी पर एनसीसी कैडेट्स के द्वारा एक नुक्कड नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सीमा चौहान ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि साइबर सिक्योरिटी के विषय में सावधानी ही बचाव है, सजग रहें, सावधान रहें।

महाविद्यालय की एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ पारुल सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता के साथ ही साइबर सुरक्षा: जागरुकता एवम एंड सावधानी विषय पर ट्रेनी आईपीएस अधिकारी सिद्धार्थ श्रीवास्तव का एक व्याख्यान आयोजित करवाया गया। आईपीएस अधिकारी सिद्धार्थ श्रीवास्तव साइबर सुरक्षा के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा बताया कि साइबर सिक्योरिटी आज हर व्यक्ति को प्रभावित करता है तथा हर व्यक्ति इसका एक संभावित टारगेट है, आपने कैडेट्स को फिशिंग, व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी, फेक सिम कार्ड, डीप फेक, साइबर हाइजीन इत्यादि विषय पर जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ सपना कोतरा, डॉ बिंदु चतुर्वेदी, डॉ दीपा स्वामी, डॉ असमी, संतोष कुमार मीणा सहित एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

### जेसीआई ने किया हेलमेट का वितरण

**बूंदी**(निसं) । सड़क सुरक्षा माह के तहत जेसीआई बूंदी ऊर्जा द्वारा दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए। संस्था की अध्यक्ष अंकिता नुवाल ने बताया कि इस अवसर पर वाहन चालकों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम होंडा मोटर्स के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें बाहर से रोज़गार के लिए शहर आने वाले मजदूर वर्ग के दुपहिया वाहन चालकों को प्राथमिकता दी गई। हेलमेट वितरण कार्यक्रम बायपास रोड के पास आयोजित हुआ।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अनुकृति, सोनल नुवाल, सचिव नेहा मंत्री, उपाध्यक्ष कविता नुवाल, सिंपल भंडारी, उमा माहेश्वरी सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ 11/विक्रय/2026/760 | दिनांक : 22.1.26

**नाम हस्तातंरण बाबत आम सूचना**

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या-9 राजिव प्लाजा योजना का आवंटन प्राधिकरण के पत्र क्रमांक-6072 दिनांक 28.06.2013 द्वारा श्रीमती कौशल्या बाई पत्नि श्री स्व.चौइथराम को आंवटित किया गया था। श्रीमती कौशल्या बाई कि मृत्यु दिनांक 16.04.2021 को हो चुकी है। मृत्यु के पश्चात श्रीमती कौशल्या बाई के विधिक वारिसान के द्वारा श्री वासुदेव पुत्र श्री चौइथराम के पक्ष में हक का त्याग किया गया है। हकत्याग ग्रहिता श्री वासुदेव पुत्र श्री चौइथराम के नाम हस्तांतरण चाहा गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखण्ड संख्या- 9 राजिव प्लाजा योजना का नाम हस्तांतरण श्री वासुदेव पुत्र श्री चौइथराम नाम से जारी कर दिया जावेगा।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक :- एफ 11/विक्रय/2026/759 | दिनांक : 22.1.26

**नाम हस्तातंरण बाबत आम सूचना**

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या- 8 राजिव प्लाजा योजना का आवंटन प्राधिकरण के पत्र क्रमांक-6076 दिनांक 28.06.2013 द्वारा श्रीमती कौशल्या बाई पत्नि श्री स्व.चौइथराम को आंवटित किया गया था। श्रीमती कौशल्या बाई कि मृत्यु दिनांक 16.04.2021 को हो चुकी है। मृत्यु के पश्चात श्रीमती कौशल्या बाई के विधिक वारिसान के द्वारा श्री वासुदेव पुत्र श्री चौइथराम के पक्ष में हक का त्याग किया गया है। हकत्याग ग्रहिता श्री वासुदेव पुत्र श्री चौइथराम के नाम हस्तांतरण चाहा गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास /भूखण्ड संख्या-8 राजिव प्लाजा योजना का नाम हस्तांतरण श्री वासुदेव पुत्र श्री चौइथराम नाम से जारी कर दिया जावेगा।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

### चैरिटी शो के माध्यम से देंगे राष्ट्रप्रेम का संदेश

**कोटा,** (निसं)। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर लायंस क्लब कोटा टेक्नो एवं मोदी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में एक सराहनीय पहल करते हुए निर्धन, असहाय, वंचित व जरूरतमंद बच्चों, वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों, मुक्ति सेवा संस्थान तथा सरकारी विद्यालयों के बच्चों के लिए देशभक्ति से ओत-प्रोत फिल्म बॉर्डर-2 का चैरिटी शो आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि यह विशेष शो 26 जनवरी को प्रातः 10 बजे पीवीआर सिने मॉल में प्रदर्शित किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों व वंचित वर्ग को देशभक्ति की भावना से प्रेरित करना तथा उन्हें बड़े पर्दे पर सिनेमाई अनुभव प्रदान करना है।

# अस्पताल की सुविधाओं का अवलोकन कर हॉस्पिटल प्रबंधन की प्रशंसा की

■ **मरीजों का हालचाल जाना, आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था से प्रभावित हुए ओम बिरला**

■ **स्वच्छ, सुव्यवस्थित और हाईटेक चिकित्सा केंद्र हाड़ौती की जनता के लिए लाभकर**

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शनिवार को ईथॉस हॉस्पिटल, कोटा पहुँचे। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनकी कुशल-क्षेम पूछी तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बिरला ने मरीजों से उपचार, सुविधाओं और चिकित्सकीय सहयोग को लेकर संवाद भी किया।

अस्पताल निदेशक प्रदीप दाधीच ने बताया कि निरीक्षण के दौरान बिरला ने ईथॉस हॉस्पिटल में उपलब्ध अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, मरीज-केंद्रित सेवाओं एवं दक्ष चिकित्सकीय टीम के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, सुव्यवस्थित और अत्याधुनिक चिकित्सा केंद्र का शहर में होना अत्यंत प्रशंसनीय है। इससे न केवल कोटा शहर, बल्कि संपूर्ण हाड़ौती संभाग के मरीजों को उच्चस्तरीय उपचार स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो रहा है, जिससे उन्हें जयपुर, दिल्ली अथवा अन्य महानगरों की ओर भटकना नहीं पड़ेगा। यह समय, धन और संसाधनों की बचत के साथ-साथ त्वरित उपचार सुनिश्चित करता है। बिरला ने कहा कि ऐसे संस्थान क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करते हैं और आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अस्पताल के निदेशक प्रदीप दाधीच ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष के आगमन पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें अस्पताल में संचालित विभिन्न सुपर-स्पेशियलिटी चिकित्सा सेवाओं, आधुनिक उपकरणों, आपातकालीन सुविधाओं, आईसीयू व्यवस्था और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की जानकारी दी गई।

**!! शोक-संदेश !!**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय माताजी



**श्रीमति विरमा देवी**

(धर्मपत्नी: स्व. श्री फूलचन्द जी सर्राफ भुसावर वाले)

का स्वर्गवास दिनांक 24.01.2026 शनिवार को हो गया है। जिनकी **अन्तिम यात्रा** आज दिनांक 25.01.2026 रविवार को **प्रातः 9 बजे** स्वनिवास **237, सुभाष नगर, कोटा से किशोरपुरा मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।**

**शोक संतृप्त :** सुरेन्द्र सिंहल (बैंक ऑफ बड़ौदा)-साधना, नरेन्द्र सिंहल (पंजाब नेशनल बैंक)-मंजू, चन्द्रशेखर सिंहल (अतिरिक्त विकास अधिकारी)- कुमकुम, संजय सिंहल (सिंहल इन्टरप्राईजेज) - सुरभि (पुत्र-पुत्रवधु), संगीता-अशोक जी (पुत्री-दामाद), सर्वेश्वर, आयुष्मान, बालार्क, अक्षत, चिन्मय (पौत्र), एवं समस्त सिंहल परिवार।

**तीये की बैठक दिनांक 26.01.2026 सोमवार को अपरान्ह 3 बजे जाट समाज, तलवण्डी, कोटा पर रखी गई है।**

Onward Advertising | 98290-36982, 98290-37982 94149-37730, 94141-89555

# कोटा मंडल में ट्रैक सीधाकरण से रफ्तार को मिली नई दिशा

**कोटा,** (निसं)। कोटा मंडल में रेल यात्रियों को सुरक्षित, तेज और समयबद्ध यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा के मार्गदर्शन में इंजीनियरिंग विभाग द्वारा रेल पटरियों के संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं स्थायी गति प्रतिबंधों में कमी लाने के कार्य लगातार किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में कोटा-सवाई माधोपुर खंड के अंतर्गत लाखेरी-इंदरगढ़ स्टेशनों के बीच पटरी के कर्व नंबर 48 अप लाइन का रियलाइन्मेंट कार्य हाल ही में पांच घंटे के मेजर ब्लॉक के दौरान सफलतापूर्वक पूरा किया गया। यह कार्य कोटा जीएसयू इकाई द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर संपन्न किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि इस कर्व की मूल लंबाई 540 मीटर थी, जिसे तकनीकी सुधार के बाद बढ़ाकर 960 मीटर कर दिया गया है। पहले इस कर्व की डिग्री 2 डिग्री थी, जिसे घटाकर 1 डिग्री किया गया है। कर्व के सीधाकरण से इस खंड में 120 किमी प्रति घंटे के स्थायी गति प्रतिबंध की लंबाई में कमी आएगी तथा भविष्य में ट्रेनों के लिए 160 किमी प्रति घंटे की गति के अनु प ट्रैक उपलब्ध हो सकेगा। इस महत्वपूर्ण कार्य के दौरान कुल 90 रेलकर्मियों को तैनात किया गया। रियलाइन्मेंट कार्य के लिए तीन पोकलेन मशीन, चार जेसीबी मशीन, दो ट्रैक मशीन तथा दो टावर वैगन का उपयोग किया गया। कार्य पूर्ण होने के पश्चात ट्रैक को पुनः रेल यातायात के लिए खोल दिया गया।

### केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ

**कोटा,** (निसं)। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं के तहत जिले के समस्त परियोजना स्तरों पर बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बालिकाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाने और समाज में समानता का भाव विकसित करने का संदेश दिया गया। इसी कड़ी में अंजुमन इस्लामिया स्कूल में बालिका दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।